RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 223 | FRIDAY 21-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



हमें खुला पंजाब कुछ, आता नहीं पसंद।
इसीलिए हम चल पड़ें, करवाने को बंद।
करवाने को बंद, कौन क्या हमें कहेगा।
जिस दिन देंगे काल, उसी दिन बंद रहेगा।
कह साहिल कविराय, नहीं जब सत्ता सुनती।
ऐसे धरने-बंद, तभी है जनता चुनती।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# एक्सक्लूसिव: लुधियाना की तहसीलों में फिर रजिस्ट्रियों का घोटाला, सरकार को करोड़ों रुपए का लगाया चूना, 256 लोगों पर बाय नेम FIR

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। लुधियाना जिले की तहसीलें धीरे धीरे करप्शन का अड्डा बनती जा रही हैं। जहां पहले फर्जी रजिस्ट्रियां कराने के मामले में 350 लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई थी। वहीं अब लुधियाना जिले की तहसीलों में एक बार फिर से रजिस्ट्रियों के जरिए करोड़ों रुपए का घोटाला कर दिया गया है। इस घोटाले में शहर के कई नामी व्यापारी, बिजनेसमैन, प्रॉपर्टी डीलर व कॉलोनाइजर शामिल हैं। इसमें सबसे ज्यादा रजिस्ट्रियां तहसील ईस्ट और वेस्ट में हुई हैं। समाजसेवी सुभाष कैटी द्वारा 10 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों पर पुलिस द्वारा अब 256 लोगों के खिलाफ पर्चे दर्ज किए हैं। थाना मोती नगर की पुलिस ने सब रजिस्टरार पूर्वी की शिकायत पर बाय नेम 256 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनकी और से 135 फर्जी रजिस्ट्रियां करवाई गई हैं। दरअसल, साल 2004 से लेकर 2026 तक लुधियाना जिले की सभी तहसीलों में जमकर रजिस्ट्रियां हुई। इन रजिस्ट्रियों में किसी ने कमर्शियल को रिहायशी बताया, किसी ने मेन रोड की जमीन को गली में दिखाया तो किसी ने फैक्ट्री को घर दिखाकर रजिस्ट्रियां करवाई। इस तरह करके कई सो करोड़ की स्टॉम्प ड्यूटी चोरी कर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया गया। चर्चा है कि इस घोटाले में कई अफसरों को मोटी कमाई हुई।

## एफआईआर में इन लोगों के नाम है शामिल




### पिछले मामलों में प्रशासन ने नहीं लिया एक्शन



सुभाष कैटी ने बताया कि वह पिछले 10 साल से इस घोटाले के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने पहले 21 और फिर फरवरी 2026 में 329 लोगों के खिलाफ बाय नेम एफआईआर दर्ज करवाई थी। लेकिन आज तक इन मामलों में न तो किसी को नोटिस हुआ और न ही गिरफ्तारी हुई। डीसी व पुलिस द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। कैटी अनुसार इन रजिस्ट्रियों के घोटालों में रेवेन्यू डिपार्टमेंट के कई अफसर शामिल है। उन्हें बचाने के लिए कार्रवाई नहीं हो रही। अब भी डीसी द्वारा 19 अगस्त को कोर्ट में जवाब देना था। जिसके चलते 18 अगस्त को एफआईआर की।

एफआईआर में दोलत कॉलोनी के सुदेश कुमार, संजय गांधी कॉलोनी के नरिंदर सिंह, कोठी ख्वाजा की रेशमा महंत, विदियार्थी राव, ग्लाडा, संजय गांधी कॉलोनी के राम प्रवेश, मॉडल टाउन एक्सटेंशन की महिंद्र सिंह, कूचा लालूमल के दविंदर कुमार, रिषी नगर की रंजना थापर, कैथल की रेखा, सलेम टाबरी की महिंद्र कौर, छावनीं मोहल्ला की हरिंदर कौर, लक्कड़ बाजार के जतिंदर सिंह, नवा मोहल्ला के कपिल खन्ना, रिषी नगर की सुनीता जैन, महावीर जैन कॉलोनी के संजीव कुमार, शक्ति विहार के नवीन कुमार, संगरुर की मोनिका, सरोज, इकबाल गंज के पिशोरी लाल, लाजपत नगर के हरमेश सिंह, बीआरएस नगर 475 के परविंदर सिंह, इंडस्ट्रियल एरिया बी के शिव कुमार, सेक्टर-32ए के अमनदीप सिंह, इंडस्ट्रियल एरिया-ए कमलजीत, एचआईजी कॉलोनी के अमनप्रीत सिंह, दुगरी फेस-1 के रजिंदर मेहता, कमला नगर की सरबजीत कौर, प्रेम नगर के उपकार सिंह, हरगोबिंद नगर के हिमांशु कपूर, खुड मोहल्ला के जगदेव सिंह, छावनी मोहल्ला के परविंदर सिंह, माधोपुरी की पूजा, अग्र नगर 101 के विनित गोयल, गांव कनीजा के हरजिंदर सिंह, गगनदीप कॉलोनी संतोष रानी, नवां शहर के अमरजीत सिंह, गांव कासाबाद की सुखजीत कौर, गांव जागीरपुर के सरबजीत सिंह, गुरु अर्जुन देव नगर के राज कुमार, गांव काकोवाल के सुरजीत सिंह, सिविल लाइन के दीपक कपूर, गांव मुंडियां खुर्द के सुखदेव सिंह, हरचरन नगर के यशपाल, गांव लोपो की सुखजिंदर कौर, मुंडियां के गुरमीत, शेरपुर का अनीतिश मेहरा, खासी कलां की अमनदीप कौर, गोबिंद कॉलोनी के राज कुमार, राम नगर के दविंदर, बेजमन रोड के बलवंत सिंह, गांव गौसगढ़ के करनैल सिंह, गांव फतेहगढ़ जट्टा के अनिल, चंद्र लोक कॉलोनी के जगदेव सिंह, ढोलेवाल के बिक्रम सिंह, भामियां के जोरा सिंह, तरलोक सिंह, खासी कलां जसविंदर कौर, गौसगढ़ के गुरनाम सिंह, करतार नगर के महिल सिंह, गोल्डन एवेन्यू के भूषण सानन, गांव जमालपुर अवाना के इंद्रजीत सिंह, एसबीएस नगर 41 की किरन खन्ना, भामियां के हरनेक सिंह, हरचरन नगर के मुनीष कुमार, होशियारपुर के चंद्र किरन सेठी, सिविल लाइन के मनोज चड्डा, मेहरबान के दर्शन, सराभा नगर 15 के पराग आनंद, भामियां के रणजीत सिंह, ताजपुर रोज के सनी मलिक, हरी करतार कॉलोनी के चिंकी मलिक, वीना रानी, ख्वाजके के अवतार सिंह, करतार नगर के गुरबाल सिंह, गांव हवास के गुरमीत सिंह, विष्णू नगर के हरिंदरजीत सिंह, मोदी एन्क्लेव के संजीव कुमार, हरबंसपुरा की शुष्मा शर्मा, ज्योति, खन्ना के गगनदीप, कोट मंगल के सनी बजाज, पुराना बाजार की सुनीता, न्यू शिवाजी नगर के प्रदीप, मोहर सिंह नगर के कीमती लाल, जनकपुरी की नीरा गुप्ता, न्यू मॉडल टुन की कमलेश, जोशी नगर के हरमीत सिंह, जोशी नगर की अमरप्रीत कौर, मोती बाग के करनैल सिंह, छोटी हैबोवाल के संतोख सिंह, गांव नूरवाल के गुरदीप सिंह, भाई अमरजीत सिंह, सिविल लाइन की अंजू, न्यू हरगोबिंद नगर के दविंद्रपाल, गुरदीप सिंह, मोहर सिंह नगर की नीलम, बाग नोहरियामल के मनमोहन, मंजू जैन, बीआरएस नगर 65बी की पूनम आगी, सेक्टर32 की किशीका पसरीचा, गऊशाला रोड के तजिंदर सिंह, बलजीत सिंह, सेक्टर-32 के रवि कुमार, धर्मपुरा के कुलवंत सिंह, धर्मपुरा जट्टा के मनदीप सिंह, आरिया मोहल्ला के शिव, पुनीत, शाम नगर के नीरज, शिवपुरी की सुमन जैन, विधी, मॉडल टाउन एक्स. के रमन गाबा, हरनाम दास जैल रोड की बलविंदर कौर, गौसगढ़ के बलवीर सिंह, न्यू कुलदीप नगर की राज रानी, शहीद करनैल सिंह नगर की शशि, राजीव, भाई अनूज गोयल, आलमगीर के मनजीत, तारावंती, मॉडल टाउन के विश्वा मित्र भंडारी, वरिंदर भंडारी, दुगरी के प्रेम चंद, मीना बाजार के जतिंदर मान, राजिंद्र मान, सेक्टर-32ए के गंगा सिंह, मनदीप, जनकपुरी की हरजिंदर कौर, टिब्बा रोड के भूषण मित्तल, भामियां के मेवा सिंह, डाबा के दविंदर सिंह, मोती नगर के सुरिंदर मोहन जैन एंड संस, कक्का गांव के इंद्रपाल, मोहाली के कमल, सिविल लाइन के वरूण जैन, महावीर जैन कॉलोनी के प्रवीन जैन, समराला के रविंदर, गांव काकोवाल के गुरिंदर सिंह, फिल्डगंज के विनोद, गांधी नगर की राजरानी, पुरानी माधोपुरी की मनजीत कौर, गोसगढ़ के सुखविंदर, गांव गदोवाल के केवल कृष्ण, चंदर लोक कॉलोनी के कुलविंदर सिंह, बलविंदर कुमार, कुलवंत सिंह, छावनी मोहल्ला के अशोक, ब्राउन रोड के जगबीर सिंह, कूचा लक्ष्मी नारायण की सुनैना, बेरी रोड की गीता, न्यू किचलू नगर के अशोक, जैन मोहल्ला की सविता, सैदा चौक की अनू जैन, पटेल नगर के नितिन जैन, सैदा चौक की इंदू जैन, करीमपूरा के राज कुमार, एसबीएस नगर की आदिति दुआ, न्यू राजगुरु नगर 10ए के सुखजिंदर सिंह, जीके एस्टेट मुंडियां खुर्द की चंचल देवी, ईस्ट मॉडल ग्राम के साहिल, मुडिंयां कलां के जसदेव, गांव मेहरबान की कांता, कक्का के लवली, इंडस्ट्रियल एरिया-बी 816 के रविंदर सिंह, मॉडल टाउन एक्स की गीता गुप्ता, कुसुम गुप्ता, नवा मोहल्ला के आकाश मल्होत्रा, हरगोबिंद नगर के विनोद कुमार, अमरपुरा की दलीप कौर, इस्लामगंज की वरिंदर कौर, अमरपुरा के गुरमीत सिंह, तिलक नगर के कृष्ण, गुरमीत अरोड़ा, जैन नगर धवन अस्पताल की सवीता धवन, मॉडल हाउस के गुरदियाल सिंह, रजिंदर सिंह, न्यू माधोपूरी की जैनिका जैन, सेक्टर-32ए लक्की पसरीचा, ईशर नगर के अमरीक, शिवाजी नगर के प्रवीन, जनता कॉलोनी के संजीव, बाजवा नगर के धर्मेंद्र, हरकृष्ण विहार की मुसकान देवी, न्यू माधोपुरी के मुहम्मद हुसैन, खन्ना के नरेश कुमार, बाजड़ा कॉलोनी के इंद्रपाल, किनिया के सुखजीवन सिंह दहेले, बामिया रोड के मनप्रीत सिंह, बसंत एवेन्यू की मनीता रानी, वेटगंज के सुदर्शन, मसकीन नगर के उजागर सिंह, भामिया के जगदीप, धर्मपुरा के जसविंदर, जमालपुर अवाना के विकास, राम नगर के अशोक कुमार, सेक्टर-32 के ओम प्रकाश, चंद्र लोक कॉलोनी के पाल सिंह, संत फतेह सिंह नगर के कपिल बजाज, दरभंगा कॉलोनी के प्रमात्मा सिंह, जमालपुर की रमेश, रड़ी मोहल्ला के राम लाल, रजनी बाला, चक्क कलां की प्रशोत्म पाल कौर, तेजिंदर, अग्र नगर एक्स के गुलशन कुमार, मिलरगंज के दविंदर सिंह, विकास नगर के मदन लाल, माडल टाउन एक्स 304ए की सोनिया रहेजा, जमालपुर के जसदीप, फोकल प्वाइंट के जगजीत सिंह, गांव पंडोरी के सिमरजीत सिंह, न्यू लाजपत नगर के जतिंदर सिंह, इकबाल नर्सिंग होम के निपल बांसल, विशाल नगर की सुखविंदर कौर, गोबिंद नगर की इंद्रजीत कौर, गुरप्रीत सिंह, अमरजीत मोदगिल, श्रीपाल, मोती नगर के नीरज, वीना, रणधीर, संजीव, रविंदर, रजनी खुल्लर पति अंकुर, राकेश पिता कासी राम, कुसुम रानी पति मदन लाल, गुलशन कुमार पिता मेघ लाल, रोशन लाल पिता धर्म चंद, रतिया देवी पति राम किशोर शाह, मोती नगर के मनजीत मेहता, विनोद, आरके भट्ट, हरलीन कौर, हरप्रीत सिंह, मनजीत कौर, शर्तूगन प्रसाद, बख्शीश कौर पति मोहिंदर सिंह, नवजोत सिंह पिता महिंद्र सिंह, परमजीत कौर पति संतोख सिंह, डॉ. वेद प्रकाश, मां भगवती मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# एयरोसिटी में बेसमेंट की मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत



मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। मोहाली के एयरोसिटी स्थित ए-ब्लॉक में निमार्णाधीन निजी अस्पताल की साइट पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। करीब 15 फीट गहरे बेसमेंट की खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी की दीवार का एक हिस्सा धंसकर नीचे काम कर रहे मजदूरों पर जा गिरा। हादसे में तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। उन्हें रेस्क्यू कर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। एक मजदूर का उपचार चल रहा है।

**रिटेनिंग वॉल के लिए चल रही थी बेसमेंट की खुदाई...**प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट रोड स्थित एयरोसिटी के ए-ब्लॉक में निजी अस्पताल के निर्माण का काम चल रहा है। रिटेनिंग वॉल बनाने के लिए साइट पर बेसमेंट की खुदाई करीब 15 फीट तक की जा चुकी थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार को जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था।

इसी दौरान अचानक बगल की मिट्टी की बड़ी डग खिसक गई और नीचे काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। पुलिस, प्रशासन और बचाव दल भी मौके पर पहुंचे और मिट्टी हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला।

# व्यापारियों की शिकायतों का एक महीने के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए: अनिल ठाकुर

## हर जिले को 2 करोड़ रुपये की राशि जारी, व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान

सुशील कुमार सिंधी

पटियाला/यूटर्न/20 अगस्त। व्यापारियों की शिकायतों के निपटारे को लेकर पटियाला के जिला प्रशासनिक परिसर में विभिन्न हलकों के व्यापारियों की समस्याओं संबंधी समीक्षा बैठक करते हुए पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के वाइस चेयरपर्सन एवं आम आदमी पार्टी के स्टेट प्रेसिडेंट, ट्रेड विंग, श्री अनिल



ठाकुर ने बताया कि पटियाला जिले की लगभग सभी शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है और बाकी बची शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। वाइस चेयरपर्सन ने बताया कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा द्वारा पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के लिए 40 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है, जबकि प्रत्येक जिले को 2 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

## एक्साइज विभाग के एडिशनल कमिश्नर पर ऑफिस में घुसकर हमला, कई जगह आई चोटें, फोन भी टूटा

लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। लुधियाना में वीरवार को एक्साइज विभाग के एडिशनल कमिश्नर के ऑफिस में घुसकर एक व्यक्ति द्वारा मारपीट की गई। उसे बिना परमिशन के पब्लिक ऑफिस में घुसने से रोका गया था। व्यक्ति द्वारा पहले अधिकारी के साथ गाली-गलौज की गई, जिसके बाद



उनकी पिटाई कर दी। इस हमले में अदिकारी का मोबाइल तक टूट गया। मौके पर मौजूद अन्य विभागीय मुलाजिमों द्वारा बीच बचाव किया गया। जिसके बाद अधिकारी को अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारी मुताबिक उन्हें मल्टीपल इंजरी आई है। वहीं इस संबंधी एसी अमित गोयल की ओर से थाना डिविजन नंबर पांच पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# जगरांव सिविल अस्पताल में पार्किंग के नाम पर खुली लूट

## शतय दरों से वसूले जा रहे दोगुने दाम, पर्ची पर हाथ से लिख रहे मनमर्जी रकम

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/20/अगस्त। जगरांव के सिविल अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों से पार्किंग के नाम पर भारी अवैध वसूली का मामला सामने आया है। सरकार द्वारा टू-व्हीलर के लिए 5 रुपये और फोर-व्हीलर के लिए 10 रुपये की पर्ची तय की गई है, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। पार्किंग कर्मियों द्वारा टू-व्हीलर के 10 रुपये और चार पहिया वाहनों से 20 से 30 रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि वाहन चालकों को मिलने वाली पर्ची पर तयशुदा रेट प्रिंट होने के बजाय पेन से मनमर्जी की रकम लिखकर दी जा रही है। मीडिया स्टिंग




में भी यह गड़बड़ी उजागर हो चुकी है। मामला संज्ञान में आने के बाद सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. अमन शर्मा ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी दी थी और अस्पताल परिसर में सरकारी दरों वाले फ्लेक्स बोर्ड भी लगवाए थे। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि, विवाद बढ़ने पर ठेकेदार ने मामले से अनजान बनते हुए भविष्य में तय दरों पर ही वसूली करने की बात कही है। बिमारी और महंगे इलाज से जूझ रहे आम लोगों के साथ इस तरह की अवैध वसूली गंभीर चिंता का विषय है। अब देखना यह होगा कि अस्पताल प्रशासन इस मामले में सिर्फ चेतावनी देकर खानापूर्ति करता है या दोषी ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

## अंबाला छावनी में 100 बेड का ESIC अस्पताल, जमीन के लिए 13 करोड़ मंजूर

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अगस्त। अंबाला छावनी में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक एस्क्ष अस्पताल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अस्पताल के लिए सेक्टर-33 में 5.18 एकड़ जमीन खरीदने को केंद्र सरकार ने करीब 13 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह जानकारी हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने दी।

विज ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से अस्पताल के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया



था, जिसे मंजूरी मिल गई है। अस्पताल बनने से अंबाला और आसपास के जिलों के करीब 70 हजार बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। साहा औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले हजारों बीमित कर्मचारियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल में 247 इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर, ICU, आधुनिक लैब और जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, MRI, ECG, CBC, LFT, KFT, ब्लड शुगर समेत कई जांच की सुविधा होगी। इसके अलावा मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, एठळ, नेत्र, त्वचा और मनोरोग जैसी सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल में डढऊ इन-पेशेंट और डे-केयर सुविधाओं के साथ मरीजों को समय पर उपचार देने की व्यवस्था होगी।

## गिद्दा, भांगड़ा और बोलियों से गूंजा डीएवी स्कूल, एंजलप्रीत बनीं 'मिस तीज'




लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। डीएवी पब्लिक स्कूल, पखोवाल रोड में तीज का रंगारंग उत्सव पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और पंजाबी संस्कृति से जुड़े पारंपरिक तत्वों से सजाया गया। विद्यार्थियों और स्टाफ ने पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर समारोह की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य, टप्पे, बोलियां, गिद्दा और भांगड़ा सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मेहंदी लगाने और परांदा बांधने की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और पारंपरिक हुनर का प्रदर्शन किया। रैंपवॉक, क्विज राउंड, सेल्फी कॉर्नर, मनोरंजक खेल, एक्सेसरीज और मेहंदी स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे।

मिस तीज प्रतियोगिता समारोह का मुख्य आकर्षण रही। इसमें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, शालीनता और पंजाबी संस्कृति के प्रति अपनी समझ का प्रदर्शन किया। एंजलप्रीत कौर (कक्षा क साइंस) ने मिस तीज का खिताब जीता। सुखपुनीत कौर (II साइंस) प्रथम रनर-अप, प्रभलीन कौर (II साइंस) द्वितीय रनर-अप और मनरीत कौर (कह्युमैनिटीज) को सांत्वना पुरस्कार मिला। परांदा बांधने में जसमीत कौर प्रथम, हर गुरमन द्वितीय और अवनीत कौर तृतीय रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में जसनवी प्रथम, विदुषी वर्मा द्वितीय और पवरीन तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्या डॉ. अनुराधा भाटिया ने विद्यार्थियों और स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व रचनात्मकता विकसित करने पर जोर दिया।लुधियाना, 20 अगस्त। डीएवी पब्लिक स्कूल, पखोवाल रोड में तीज का रंगारंग उत्सव पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और पंजाबी संस्कृति से जुड़े पारंपरिक तत्वों से सजाया गया। विद्यार्थियों और स्टाफ ने पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर समारोह की रौनक बढ़ाई।

## बीवीएम यूएसएन के किकबॉक्सरों ने जीते 10 पदक, दीपांशु ने हासिल किया स्वर्ण



लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण सहित कुल 10 पदक जीते। प्रतियोगिता 13 और 14 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दाखा में आयोजित हुई। प्रतियोगिता के 14 वर्षीय आयु वर्ग में दक्ष नैय्यर और नक्ष ने कांस्य पदक हासिल किए। 17 वर्षीय वर्ग में आतिके और कृष चौधरी ने कांस्य, जबकि वैभव ने रजत पदक जीता। 19 वर्षीय आयु वर्ग में कृष, कुलराज, किस्मत और जीवितेश ने कांस्य पदक अपने नाम किए। कक्षा 11वीं के दीपांशु ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही उसका चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन सूद ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, लगन और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों के मार्गदर्शक संजीव ठाकुर और खेल विभाग के प्रयासों की भी प्रशंसा की।




पेज 06 सात दिवसीय भगवान शिव कथा के उपलक्ष्य में...


## अग्र नगर कोऑपरेटिव सोसायटी विवाद : बड़े साहिब के पारिवारिक सदस्य को बचाने को प्रशासन द्वारा नियमों की अनदेखी , कोर्ट से राहत

लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। समाज में एक तरफ जहां टीचर्स को गुरु माना जाता है, लेकिन कलयुग में कुछ टीचर्स अब शिक्षा के नाम पर हेरफेर करके अपने घर भरने में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला टैगोर पब्लिक स्कूल का सामने आया है। जहां पर एक महिला सीनियर टीचर के कार्यकाल के दौरान एडमिशनों में जमकर गड़बड़ियां हुई। लेकिन जब स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी अग्रवाल को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी अग्र नगर के प्रधान सुरेश कुमार जिंदल ने इस मामले में आवाज उठाई तो महिला टीचर के अफसर पति ने खेल कर डाला। उसने अपने जानकार एसडीएम के जरिए प्रधान को सस्पेंड कर दिया। मगर सुरेश कुमार द्वारा यह मामला कोर्ट में ले जाया गया। जहां पर कोर्ट ने उन्हें बहाल कर दिया। दरअसल, किसी भी को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में किसी को पद से हटाने या लगाने की पावर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के पास नहीं होती। जिसके चलते एसडीएम द्वारा दिए गए सस्पेंशन के आदेशों को खारिज कर दिया गया। कोर्ट से राहत मिलने के बाद अब देखना होगा कि क्या स्कूल में एडमिशनों में हुए हेरफेर के खुलासे हो पाते है या नहीं।




### महिला टीचर के कार्यकाल में जमकर हुआ घोटाला

दरअसल, अग्रवाल को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी अग्र नगर की और से टैगोर पब्लिक स्कूल चलाया जा रहा है। यह स्कूल के शहर के बड़े स्कूलों में से एक है। जहां पर एक महिला टीचर सीनियर पोस्ट पर कार्यरत है। उसी महिला के पति प्रशासन में उच्च अधिकारी है। चर्चा है कि महिला टीचर के कार्यकाल के दौरान स्कूल में एडमिशनों में बड़ा घोटाला हुआ। इसके अलावा और भी कई स्कैम हुए।

**घोटाले की जांच शुरू होने पर एसडीएम ने लिया एक्शन...** चर्चा है कि सोसायटी के सदस्यों को गड़बड़ी होने का शक हुआ। जिसके चलते उन्होंने जांच शुरू की। जिस पर महिला टीचर को फंसने का डर सताने लगा। उसने इस संबंधी अपने अफसर पति से बात की। पति के हेरफेर छिपाने और बदनामी के डर से उसने अपने एक दोस्त एसडीएम से बातचीत की। जिसके बाद एसडीएम द्वारा तुरंत प्रभाव से 11 अगस्त को सोसायटी प्रेजिडेंट सुरेश कुमार जिंदल को सस्पेंड कर डाला।

**ऑफिस बुलाकर की बदसलूकी...** सोसायटी के चुनाव के लिए सीनियर्स की डायरेक्टर कमेटी बनाई जाती है। चर्चा है कि लुधियाना में नियुक्त उक्त एसडीएम की और से उक्त कमेटी मेंबर्स को अपने ऑफिस बुलाया गया। जहां पर उनसे बदसलूकी की गई। उन्हें गुस्से में काफी गलत बोला गया। चर्चा है कि उन्हें धमकियां तक दी गई थी।

**प्रशासनिक अधिकारी नहीं दे सकते दखल...** वहीं सुरेश कुमार जिंदल के सस्पेंड होने पर उन्होंने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट द्वारा उनकी सस्पेंशन रोक दी गई। जिसके बाद वे दोबारा प्रधान बन चुके हैं। चर्चा है कि किसी भी को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में एसडीएम से लेकर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी दखल नहीं दे सकता। सिर्फ सोसायटी डायरेक्टर ही कार्रवाई कर सकता है। लेकिन चर्चा है कि सोसायटी के एक डायरेक्टर की भी उक्त महिला टीचर के पति के साथ साठगांठ थी।

# मौके पर दूध के 58 में से 9 सैंपल हुए फेल

## दूध और मिल्क प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल, जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक्स से बचने के बारे में किया जागरूक

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 20 अगस्त। डिप्टी डायरेक्टर डेयरी डेवलपमेंट, लुधियाना की लीडरशिप में आज स्कूली बच्चों को दूध और मिल्क प्रोडक्ट के इस्तेमाल जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक से बचने के बारे में की जागरूक करने के लिए एक अवेयरनेस कैंप का आयोजन बीसीएम पब्लिक स्कूल में किया गया। कैंप के दौरान, स्टूडेंट्स को दूध की अहमियत, दूध और मिल्क प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल, जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक्स से बचने के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही, स्टूडेंट्स को करियर गाइडेंस के बारे में भी जरूरी जानकारी दी गई। इस मौके पर, स्टूडेंट्स और टीचर्स द्वारा लाए गए 58 मिल्क सैंपल्स की टेस्टिंग की गई। इनमें से 49 सैंपल्स स्टैंडर्ड्स के हिसाब से और 9 सैंपल्स स्टैंडर्ड्स से कम पाए गए। टेस्ट किए गए किसी भी मिल्क सैंपल में कोई नुकसानदायक एलिमेंट्स नहीं पाए गए। कैंप के दौरान, स्टूडेंट्स को दूध, मिल्क प्रोडक्ट्स की क्वालिटी, हेल्दी डाइट और करियर गाइडेंस के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई। स्कूल प्रिंसिपल सिंपल वर्मा ने कहा कि ऐसे कैंप लगातार लगने चाहिए ताकि स्टूडेंट्स हेल्दी खाने-पीने और अपनी हेल्थ के बारे में अवेयर रहें। उन्होंने करियर गाइडेंस के बारे में दी गई जानकारी को भी स्टूडेंट्स के लिए बहुत काम का बताया।



### लोगों ने कहा स्वास्थ्य विभाग को भी करें जागरूक

डेयरी डेवलपमेंट विभाग द्वारा लोगों को निरंतर जागरूक करने और मौके पर दूध की जांच कर नतीजे घोषित करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग को भी जागरूक करने के लिए कहा उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के पास फूड सेफ्टी वेन होने के बावजूद कभी कभार ही वेन द्वारा फूड सैंपल्स की जांच की जाती है जब की 35 लाख से अधिक की आबादी वाले शहर में रोज फूड सैंपलिंग की आवश्यकता है।

## टोल प्लाजा की सीसीटीवी फुटेज से हत्यारोपियों की तलाश, पंजाब के कई जिलों में छापे

मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। सेक्टर-87 में जमीन की वसीयत को लेकर बहनोई अमनदीप सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें पंजाब के अलग-अलग जिलों में छापेमारी कर रही हैं। वहीं, पुलिस ने आरोपियों के फरार होने के दौरान इस्तेमाल की गई इनोवा को ट्रैक करने के लिए विभिन्न टोल प्लाजा से सीसीटीवी फुटेज भी हासिल की है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की गतिविधियों और उनके संभावित ठिकानों का पता लगाने में जुटी है।




मामले में थाना सोहाना पुलिस ने मृतक की पत्नी रमणदीप कौर के बयान पर उसके भाई परदीप सिंह निवासी नानूमाजरा और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। मंगलवार शाम करीब 5:40 बजे सेक्टर-87 स्थित प्रॉपर्टी कार्यालय के बाहर अमनदीप सिंह पर चाकू और रॉड से हमला किया गया था। गंभीर हालत में उसे श्री गुरु हरकृष्ण अस्पताल सोहाना ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद आरोपी परिवार की इनोवा गाड़ी लेकर फरार हुए थे। अब पुलिस टोल प्लाजा पर लगे कैमरों की फुटेज खंगालकर गाड़ी के रूट का पता लगा रही है। इसके अलावा संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस ने वारदात स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम की भी मदद ली है। पुलिस चाकू और रॉड समेत वारदात में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। डीएसपी सिटी-2 हरसिमरन सिंह बल ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। टोल प्लाजा की सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के भागने के रूट को ट्रैक किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास है।

## तस्कर ने शकी हालातों में फंदा लगाकर किया सुसाइड, पुलिस का कहना- गद्दे की जिप से बनाया था फंदा, जांच जारी

लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। थाना लाडोवाल के अधीन आती हंबड़ा पुलिस चौकी में बुधवार देर रात नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी द्वारा हवालात में शकी हालातों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि उसने फंदा लगाकर खुदकुशी की है। मृतक की पहचान गांव खेहरा बेट के रहने वाले बलवीर सिंह के रुप में हुई है। पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज प्रितपाल सिंह ने 2 दिन पहले 10 ग्राम हेरोइन के साथ गांव खैहरा बेट के रहने वाले बलवीर सिंह को गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने थाना लाडोवाल में एनडीपीएस एक्ट के अधीन मामला दर्ज करके आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया गया था ताकि आरोपी से आगे की पूछताछ की जा सके।



### विभाग कर रहा जांच

रिमांड के दौरान आरोपी बलवीर सिंह को हवालात में बंद किया हुआ था और इसी दौरान रात के समय नशा तस्कर बलबीर सिंह हवालात के अंदर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। हालांकि पुलिस का कहना है कि वीरवार सुबह तक बलवीर एकदम ठीक था। लेकिन जब मुलाजिम उसे नहाने के लिए लेने पहुंचा तो उसने लाश लटकती देखी।

# एसएसपी के घेराव की तैयारी पर पहुंची पुलिस, डीएसपी ने लिया मांगपत्र

## एससी-बीसी महापंचायत के मोर्चे पर पीड़ित परिवारों ने किया प्रदर्शन

मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। फेज-7 की लाइटों पर एससी-बीसी महापंचायत पंजाब की ओर से लगाए गए मोर्चे पर गुरुवार को विभिन्न थानों से पीड़ित परिवार बड़ी संख्या में पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने एसएसपी मोहाली के घेराव की तैयारी शुरू की तो पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। डीएसपी सिटी-2 हरसिमरत सिंह बल अपनी टीम के साथ मोर्चे पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से मांगपत्र लेकर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया।

प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहनकर सरकार और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंच से पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और डीजीपी को भेजे गए मांगपत्रों के माध्यम से पीड़ित परिवारों को जल्द इंसाफ दिलाने की मांग की गई



### सरकार पर भी साधा निशाना

मास्टर बनवारी लाल और स्विंदर सिंह लखोवाल ने भी प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की कथित ज्यादतियों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों द्वारा चुनी गई सरकारें सत्ता में आने के बाद जनता की समस्याओं और पंजाब के विकास को भूल जाती हैं। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की।

### पीड़ित युवतियों ने सुनाई आपबीती

प्रदर्शन में पीड़ित परिवारों के सदस्य भी शामिल हुए। अंजली और वर्षा ने अपने साथ हुई कथित ज्यादतियों के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस पर मारपीट किए जाने के आरोप भी लगाए और मामले में इंसाफ की मांग की।

### 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो फिर घेराव

बलविंदर सिंह कुंभड़ा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर उनकी मांगों और पीड़ित परिवारों की शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो एसएसपी मोहाली कार्यालय का दोबारा घेराव किया जाएगा।

### नाबालिग और २० वर्षीय युवती से कथित ज्यादती का आरोप

मोर्चा अध्यक्ष बलविंदर सिंह कुंभड़ा ने आरोप लगाया कि जिन पुलिस कर्मचारियों की जिम्मेदारी लोगों को इंसाफ दिलाने और धक्केशाही रोकने की है, उन्हीं पर पीड़ितों के साथ ज्यादती के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक नाबालिग बच्ची और 20 वर्षीय युवती को कथित तौर पर 24-24 घंटे थानों में बैठाया गया। शिकायत देने के बावजूद पीड़ितों के खिलाफ ही मामले दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने इसे शर्मनाक बताया।

कुंभड़ा ने कहा कि डीएसपी हरसिमरत सिंह बल ने भरोसा दिया है कि किसी के साथ धक्केशाही नहीं होने दी जाएगी और पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

# बिना ओपन-हार्ट सर्जरी 66 वर्षीय महिला के हार्ट वाल्व लीकेज का सफल इलाज

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/20 अगस्त। पारस हेल्थ पंचकूला के डॉक्टरों ने 66 वर्षीय सरोज उप्पल के गंभीर माइट्रल वाल्व लीकेज का माइट्राक्लिप तकनीक से सफल इलाज किया। अस्पताल के अनुसार मरीज को गंभीर माइट्रल रिगर्जिटेशन, बार-बार हार्ट फेलियर और कमजोर हृदय की समस्या थी।

अधिक सर्जिकल जोखिम के कारण पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी को उपयुक्त नहीं माना गया। मरीज को डायबिटीज के साथ दो बार हार्ट अटैक हो चुका था और पूर्व में एंजियोप्लास्टी व स्टेंटिंग भी की गई थी। बाद में माइट्रल वाल्व में गंभीर लीकेज के कारण उन्हें तीन बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के चेयरमैन डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि 3डी ट्रांसइसोफेगल इकोकार्डियोग्राफी और एक्स-रे इमेजिंग की मदद से करीब डेढ़ घंटे में माइट्राक्लिप प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें कैथेटर के जरिए माइट्रल वाल्व पर छोटी क्लिप लगाकर लीकेज कम किया गया। अस्पताल के मुताबिक प्रक्रिया के बाद वाल्व लीकेज नगण्य स्तर तक कम हो गया। तीन महीने के फॉलो-अप में मरीज को सांस लेने में परेशानी नहीं रही और जीवन गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। पारस हेल्थ ग्रुप के सीओओ विनीत अग्रवाल और फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने इसे स्ट्रक्चरल हार्ट केयर में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।




# मोबाइल छीनने का विरोध किया तो महिला को लात मारकर गिराया, फिर मोबाइल झपटा

मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। बलौंगी थाना क्षेत्र में घरों में कुकिंग का काम करने वाली एक महिला से दो अज्ञात युवकों ने मोबाइल फोन छीन लिया। महिला ने मोबाइल बचाने का प्रयास किया तो एक आरोपी ने उसे लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे घसीटते हुए बाबा बालक नाथ मंदिर की तरफ ले जाने लगे। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसका मोबाइल छीनकर बलौंगी गांव की गलियों में फरार हो गए। पुलिस को दिए बयान में 26 वर्षीय महिला ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और वर्तमान में बलौंगी थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रहती है। 18 अगस्त को शाम करीब पौने 5 बजे वह काम से लौटते हुए कुलवंत होटल के पास पहुंची थी। इसी दौरान पीछे से आए दो युवकों ने उसे घेर लिया। महिला ने बताया कि एक युवक उसका मोबाइल छीनने लगा तो उसने हाथ पीछे खींच लिया।

# समाजसेवी दिनेश गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, ट्राईसिटी की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि जुटे



कपिल नागपाल,

पंचकूला/यूटर्न/20 अगस्त। प्रसिद्ध समाजसेवी दिनेश गुप्ता का जन्मदिन वीरवार को पंचकूला स्थित होटल पल्लवी ग्रैंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में पंचकूला सहित ट्राईसिटी की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मित्र और शुभचिंतक बड़ी संख्या में पहुंचे तथा उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पंचकूला के मेयर श्याम लाल बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने दिनेश गुप्ता को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग को एक्टिवा ने मारी टक्कर, मौत

मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। खरड़ से निजी काम निपटाकर बेटी के साथ गांव लौट रहे करीब 75 वर्षीय बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा सेक्टर-116 स्थित अंसल सिटी के सामने हुआ। पुलिस ने मृतक की बेटी गुरदीप कौर के बयान पर एक्टिवा चालक अखिल चौधरी निवासी जीके क्रिस्टल सिटी खरड़ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गुरदीप कौर ने बताया कि वह अपने पिता भाग सिंह के साथ गांव लखनौर से खरड़ गई थीं। वापस लौटते समय उनके पिता ने संतेमाजरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकनेह की इच्छा जताई। दोनों ऑटो से वहां पहुंचे और माथा टेकने के बाद लखनौर की ओर पैदल चल पड़े। वहां से कोई ऑटो नहीं मिलने के कारण उन्हें पैदल ही आगे जाना पड़ा।

### अंसल सिटी के सामने पानी लेने गई थी बेटी

गुरदीप कौर के मुताबिक, सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वे अंसल सिटी सेक्टर-116 के सामने पहुंचे तो उनके पिता ने थकान के कारण सड़क किनारे रुकने को कहा। वह पिता के लिए पानी की बोतल लेने अंसल सिटी की ओर कुछ कदम ही आगे गई थीं कि इसी दौरान खरड़ की तरफ से तेज रफ्तार एक्टिवा आई और सड़क किनारे खड़े उनके पिता को टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद भाग सिंह सड़क पर गिर गया और उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। हादसे में एक्टिवा चालक भी घायल हो गया। गुरदीप कौर के अनुसार, उन्होंने एक्टिवा का नंबर नोट किया।

### अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित किया

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल भाग सिंह और एक्टिवा चालक को सिविल अस्पताल फेज-6 मोहाली पहुंचाया। गुरदीप कौर भी निजी वाहन से अस्पताल पहुंचीं। वहां डॉक्टरों ने भाग सिंह को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया, जबकि एक्टिवा चालक को आगे के इलाज के लिए दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में अस्पताल से एक्टिवा चालक की पहचान अखिल चौधरी निवासी जीके क्रिस्टल सिटी खरड़ के रूप में हुई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह चालक को सामने आने पर पहचान सकती है।



पेज 12 विमल इलायची की आड़ में पान मसाला? तुकाराम...

# दो दिवसीय 10वीं वार्षिक फोटो प्रदर्शनी अमिट यादें छोड़ते हुए संपन्न, 42 तस्वीरों ने पेश किए जिंदगी के अलग-अलग रंग













लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। लुधियाना फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से रख बाग के निकट लक्ष्मी लेडीज क्लब में आयोजित दो दिवसीय 10वीं वार्षिक 'वन थाउजेंड वर्ड्स' फोटो प्रदर्शनी गुरुवार को अमिट यादें छोड़ते हुए संपन्न हो गई। प्रदर्शनी में लगाई गई 42 तस्वीरों ने मानव जीवन, प्रकृति, भावनाओं और समाज के विभिन्न रंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। हर तस्वीर अपने भीतर एक अलग कहानी समेटे नजर आई। कहीं जीवन की खुशी और उत्साह दिखाई दिया तो कहीं खामोशी, दर्द और संवेदनाओं की झलक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। प्रकृति की खूबसूरती से लेकर सामाजिक वास्तविकताओं तक, तस्वीरों ने बिना शब्दों के दर्शकों से संवाद किया। दो दिनों में विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों और राजनीतिक नेताओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का दौरा किया। समापन अवसर पर सचित अरोड़ा, सन्नी गोयल, प्रमोद बहल, एस.एस. खुराना, अर्शदीप समर और सुरिंदर डल्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। एसोसिएशन के चेयरमैन गुरमीत सिंह, अध्यक्ष कुलदीप सिंह काला और महासचिव गुरप्रीत सिंह ने कहा कि फोटोग्राफी केवल कला नहीं, बल्कि समाज और मानवीय संवेदनाओं को समझने का प्रभावशाली माध्यम है।

# सज्जन कुमार का निधन, लेकिन 1984 की घटना की लंबी परछाई अब भी बाकी है



चंडीगढ़/यूटर्न/20 अगस्त। 1984 के सिख-विरोधी दंगों के मामले में दोषी ठहराए गए प्रमुख नेताओं में से एक, कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का गुरुवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में 80 साल की उम्र में निधन हो गया। तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कुमार को अस्पताल लाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौत का कारण तुरंत नहीं बताया गया। कुमार की मौत के साथ ही एक लंबा और बेहद विवादित राजनीतिक और कानूनी सफर खत्म हो गया, जिसकी शुरूआत अक्टूबर 1984 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई थी। इसके बाद हुई हिंसा में देश भर में हजारों सिखों की जान गई, और दिल्ली सबसे बुरी तरह प्रभावित इलाकों में से एक थी।

दशकों तक, हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बहुत धीमी रही। बाहरी दिल्ली से तीन बार लोकसभा सांसद रहे ताकतवर नेता कुमार, उस अनसुलझे अध्याय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक बन गए। उनका राजनीतिक करियर आखिरकार एक लंबी कानूनी लड़ाई में बदल गया, जो दिसंबर 2018 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उन्हें दोषी ठहराए जाने और दंगों के दौरान एक सिख परिवार के पांच सदस्यों की हत्या और एक गुरुद्वारे को जलाने के लिए उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर खत्म हुआ। 2025 में, जसवंत सिंह और उनके बेटे तरनदीप सिंह की हत्या से जुड़े एक अलग मामले में कुमार को एक और उम्रकैद की सजा सुनाई गई। उन्हें एक अन्य मामले में बरी भी किया गया था, जो 1984 के मामलों से जुड़े जटिल और उतार-चढ़ाव भरे कानूनी इतिहास को दशार्ता है। फिर भी, कुमार की मौत से 1984 का अध्याय बंद होने की संभावना नहीं है। पीड़ितों के परिवारों के लिए, चार दशकों से अधिक समय बीतने के बाद भी हिंसा की यादें या यह अहसास कि न्याय मिलने में बहुत देर हुई, मिटा नहीं है।

बड़ा सवाल यह है कि क्या भारतीय राजनीतिक व्यवस्था ने 1984 की घटना के असर का ठीक से सामना किया है। राजनीतिक सत्ता से जेल तक का कुमार का सफर इस बात की याद दिलाता है कि जवाबदेही, चाहे कितनी भी देर से क्यों न हो, न्याय की विश्वसनीयता के लिए अहम है। लेकिन जिन्होंने 1984 में अपने प्रियजनों को खोया, उनके लिए कोई भी अदालती फैसला या शोक संदेश उस घाव को पूरी तरह नहीं भर सकता जो पीढ़ियों से खुला हुआ है।

# 45 हजार आइडिया, 400 युवा उद्यमी; गुरुग्राम में कल Gen-H Startup Summit



गुरुग्राम/यूटर्न/20 अगस्त। हरियाणा में युवा उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 21 अगस्त को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में **Gen-H Startup Summit**–युवा उद्यमी चौपाल का आयोजन होगा। इसमें करीब 400 युवा उद्यमी अपने स्टार्टअप और नए आइडिया प्रस्तुत करेंगे। इनमें से 60 चयनित उद्यमी निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ विशेष राउंडटेबल में संवाद करेंगे। विश्व उद्यमिता दिवस के मौके पर होने वाले इस समिट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में युवा उद्यमिता, इनोवेशन और हरियाणा के भविष्य से जुड़े सवाल पूछ सकेंगे। मुख्यमंत्री इनोवेशन वॉक के दौरान युवाओं के प्रोजेक्ट और स्टार्टअप भी देखेंगे।

हरियाणा के आइडियाथॉन में अब तक 45 हजार से अधिक आइडिया सामने आ चुके हैं। सरकार का लक्ष्य इन विचारों को व्यवसाय और रोजगार के अवसरों में बदलना है। समिट में अक नई तकनीक, फंडिंग, मेंटरशिप और बाजार से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान 'इंटरप्रेन्योर बस' को भी रवाना किया जाएगा। यह बस 11 दिसंबर तक प्रदेश के विभिन्न शहरों में जाकर युवाओं को स्टार्टअप अवसरों और सरकारी सहायता की जानकारी देगी। पहल का मूल मंत्र है—'आइडिया टू एंटरप्राइज, एंटरप्राइज टू एम्पलॉयमेंट', यानी विचार से उद्यम और उद्यम से रोजगार।

# प्रभजोत सिंह विर्क ने संभाला डी सी पी इन्वेस्टीगेशन का पदभार



आर के उप्पल

अमृतसर/यू टर्न /20 अगस्त! पीपीएस अधिकारी प्रभजोत सिंह विर्क ने आज कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर में डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है । इससे पहले वह एआईजी, सीआईडी, अमृतसर के पद पर सेवाएं निभा रहे थे। श्री विर्क को पुलिस विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर की प्राथमिकता अपराधों की रोकथाम, पेशेवर एवं निष्पक्ष जांच, पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना तथा आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जांच प्रक्रिया में पेशेवरता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों की जांच को वैज्ञानिक और तकनीकी तरीकों से और मजबूत किया जाएगा, ताकि अपराधों की प्रभावी ढंग से जांच कर दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। डीसीपी इन्वेस्टिगेशन ने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जनता के साथ बेहतर तालमेल कायम रखते हुए नशे, संगठित अपराध और अन्य समाज विरोधी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी। उन्होंने पुलिस बल को जनहित और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

# सात दिवसीय भगवान शिव कथा के उपलक्ष्य में सेक्टर-7 में निकाली प्रथम संध्या फेरी

पंचकूला/यूटर्न/20 अगस्त। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 23 से 29 सितंबर तक अग्रवाल भवन, सेक्टर-16 पंचकूला में आयोजित होने वाली सात दिवसीय भगवान शिव कथा के प्रचार-प्रसार के लिए सेक्टर-7 में प्रथम संध्या फेरी निकाली गई। कथा प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात





9:30 बजे तक आयोजित होगी। संध्या फेरी का शुभारंभ श्री दुर्गा माता मंदिर, सेक्टर-7 से पूर्व पार्षद सीबी गोयल, पूर्व पार्षद ऋतु गोयल और मंदिर सभा के प्रधान अशोक जिंदल ने पूजन एवं नारियल फोड़कर किया। फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के भजन और जयकारे लगाते हुए क्षेत्रवासियों को कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

संस्थान की साध्वी मैथिली भारती ने बताया कि कथा व्यास स्वामी डॉ. सर्वेश्वर संत मंडली सहित भगवान शिव की दिव्य लीलाओं और उनमें निहित आध्यात्मिक रहस्यों का वर्णन करेंगे। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रम मन को सकारात्मक दिशा देने और प्रभु से जोड़ने में सहायक होते हैं। संध्या फेरी का श्री दुर्गा माता मंदिर सभा, सीनियर सिटीजन ग्रुप तथा स्थानीय निवासियों ने स्वागत किया। फेरी मुख्य मार्गों से होकर वापस मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव की आरती के साथ समापन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Salon या Beauty Parlour की Service खराब हो जाए तो क्या करें?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल लोग Haircut, Hair Colour, Facial, Skin Treatment, Makeup और दूसरी Beauty Services पर काफी पैसा खर्च करते हैं। लेकिन कई बार Service उम्मीद के अनुसार नहीं मिलती और ग्राहक को नुकसान भी हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है—क्या ग्राहक कानूनी शिकायत कर सकता है?

हाँ, कुछ परिस्थितियों में कर सकता है।

यदि किसी Salon या Beauty Parlour ने ऐसी Service दी जिसमें लापरवाही हुई और उससे ग्राहक को नुकसान हुआ, तो यह Deficiency in Service का मामला हो सकता है।

उदाहरण के लिए, Hair Colour करते समय गलत Chemical इस्तेमाल होने से बालों को गंभीर नुकसान हो जाए, या किसी Beauty Treatment में लापरवाही के कारण ग्राहक को चोट या अन्य नुकसान हो जाए, तो ग्राहक शिकायत कर सकता है।

लेकिन हर बार केवल इसलिए कि Result आपकी उम्मीद के अनुसार नहीं आया, Salon को दोषी नहीं माना जाएगा। यह देखा जाएगा कि ग्राहक ने कौन-सी Service ली थी, क्या जानकारी दी गई थी, क्या सावधानियां बताई गई थीं और वास्तव में लापरवाही हुई या नहीं।

इसलिए महंगी Beauty Service लेने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लेना जरूरी है। यदि कोई Treatment किया जा रहा है, तो उसकी कीमत, प्रक्रिया और संभावित जोखिम के बारे में पूछें।

यदि Service के बाद कोई नुकसान होता है, तो तुरंत उसकी Photo या Video बना लें। Bill, Payment Receipt, Treatment Details और Salon के साथ हुई बातचीत भी सुरक्षित रखें।

यदि Salon शिकायत सुनने से मना करता है, तो पहले लिखित रूप में अपनी शिकायत दें। समाधान न मिलने पर Consumer Law के तहत उपलब्ध उपाय अपनाए जा सकते हैं।

कई लोग छोटे विवाद के कारण शिकायत नहीं करते, लेकिन यदि नुकसान गंभीर है या Service के लिए बड़ी रकम ली गई है, तो अपने अधिकारों की जानकारी रखना जरूरी है।

निष्कर्ष: Salon या Beauty Parlour भी एक Service Provider है। यदि उसकी लापरवाही से ग्राहक को वास्तविक नुकसान होता है, तो ग्राहक कानूनी राहत मांग सकता है। महंगी Service लेने से पहले उसकी शर्तें समझें और Bill जरूर लें।

# श्री शिव शक्ति एकता मंदिर से निकली विशाल कलश यात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

जीरकपुर/यूटर्न/20 अगस्त। पालम एन्क्लेव स्थित श्री शिव शक्ति एकता मंदिर की ओर से विशाल कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। वार्ड नंबर 30 की विभिन्न कॉलोनियों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और वार्ड निवासियों ने यात्रा में हिस्सा लिया। कलश यात्रा के शुभारंभ से पहले पूर्व एमसी नवतेज नवी ने मंदिर परिसर पहुंचकर पुजारी की मौजूदगी में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने कलश यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। मंदिर प्रधान शशि टंडन सहित



मंदिर कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस दौरान मौजूद रहे। कलश यात्रा पालम एन्क्लेव से शुरू होकर भबात रोड के रास्ते जरनैल एन्क्लेव फेज-1 स्थित श्री गणेश मंदिर पहुंची। यहां मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना के बाद पवित्र जल अर्पित किया गया। इसके बाद यात्रा संत कृपाल नगर से होते हुए वापस श्री शिव शक्ति एकता मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन हुआ। मंदिर प्रधान शशि टंडन ने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग के लिए नवतेज नवी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने के साथ भाईचारे की भावना को भी मजबूत करते हैं।

## रूह से रूबरू







चारू नागपाल

### हड़ताल से आम जनता पर क्या फर्क पड़ता है?

हड़ताल लोकतंत्र में अपनी माँगों और समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने का एक माध्यम है। जब किसी संगठन या समूह के लोग हड़ताल करते हैं, तो इसका प्रभाव केवल कार्यालयों और दुकानों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की सड़कों पर भी दिखाई देता है। हड़ताल के दौरान कई जगह यातायात बाधित हो जाता है। सड़कें जाम हो जाती हैं और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में परेशानी होती है। कई बार प्रदर्शनकारी सड़कों पर बैठ जाते हैं या रास्ते बंद कर देते हैं। इससे एंबुलेंस, स्कूल बसों और अन्य जरूरी सेवाओं को भी कठिनाई हो सकती है। व्यापार और परिवहन प्रभावित होने से देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित हड़ताल लोगों की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रभावी तरीका हो सकती है। इसलिए हड़ताल करना नागरिकों का अधिकार हो सकता है, लेकिन इसका आयोजन इस प्रकार होना चाहिए कि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। हड़ताल से देश की सड़कों और जनजीवन पर निश्चित रूप से फर्क पड़ता है, इसलिए विरोध के साथ-साथ सार्वजनिक व्यवस्था और दूसरों की सुविधा का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

# हाई ग्राउंड रोड पर अतिक्रमण पर चला नगर परिषद का डंडा, सड़क किनारे बने ढांचे हटाए

## एयरफोर्स स्टेशन से त्रिशला सिटी तक पहले चरण में कार्रवाई, अवैध बोर्ड और दीवारें हटाईं





जीरकपुर/यूटर्न/20 अगस्त। शहर के हाई ग्राउंड रोड पर सड़क किनारे बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद ने सख्ती शुरू कर दी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिषद की इंफोर्समेंट टीम ने पहले चरण में एयरफोर्स स्टेशन के गेट से त्रिशला सिटी तक अभियान चलाया। इस दौरान सड़क की जगह पर लगाए गए अवैध बोर्ड, बनाई गई दीवारें और तीन-चार अस्थायी ढांचे हटाकर सड़क की जगह खाली करवाई गई।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी के निर्देश पर इंस्पेक्टर अजय बराड़ और जनरल इंस्पेक्टर विपिन कंबोज की अगुवाई में टीम हाई ग्राउंड रोड पर पहुंची। टीम ने सड़क किनारे उन स्थानों को चिह्नित किया, जहां बोर्ड या अस्थायी निर्माण के जरिए सड़क की जगह का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके बाद मौके पर ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

**शिकायतों के बाद हरकत में आया नगर परिषद प्रशासन...** हाई ग्राउंड रोड पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही थीं। सड़क किनारे कब्जे और बोर्ड लगाए जाने से उपलब्ध सड़क क्षेत्र प्रभावित होने की शिकायतों को देखते हुए परिषद प्रशासन ने चरणबद्ध तरीके से पूरी सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का फैसला किया है।

इंस्पेक्टर अजय बराड़ ने बताया कि कार्यकारी अधिकारी के आदेश पर अभियान शुरू किया गया है। पहले चरण में एयरफोर्स स्टेशन गेट से त्रिशला सिटी तक कार्रवाई की गई। सड़क की जगह पर बने अवैध ढांचे और बिना अनुमति लगाए गए बोर्ड हटाए गए हैं। संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत भी दी गई है।

**दूसरे चरण में गोपाल स्वीट्स तक पहुंचेगी टीम...** नगर परिषद ने साफ किया है कि अभियान केवल एक हिस्से तक सीमित नहीं रहेगा। दूसरे चरण में त्रिशला सिटी से गोपाल स्वीट्स तक सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टीम ने दुकानदारों और अन्य लोगों को सड़क की जगह पर किसी प्रकार का निर्माण, सामान या बोर्ड लगाकर कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी है। अधिकारियों के मुताबिक, अभियान के बाद यदि किसी स्थान पर दोबारा अतिक्रमण पाया जाता है तो नगर परिषद की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सावन उत्सव में महिलाओं ने बिखेरे रंग, पिंकी छाबड़ा बनीं तीज क्वीन



लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। वंदना अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित सावन उत्सव में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिम्मी पेशन चोपड़ा, कीर्ति ग्रोवर, एनी सिक्का, अलिया गुप्ता और हरप्रीत वालिया उपस्थित रहीं। रंगारंग प्रस्तुतियों और पारंपरिक गतिविधियों ने पूरे आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत डांस परफॉर्मेंस से हुई, जिसके बाद रैंप वॉक और पारंपरिक गिद्धा प्रस्तुत किया गया। महिलाओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। गुर टॉयज की ओर से सरप्राइज गिफ्ट्स निकाले गए, जबकि जॉयलुकस की तरफ से लकी ड्रॉ आयोजित किया गया। डीजे की धुनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और सावन उत्सव का आनंद लिया।

रैंप वॉक प्रतियोगिता में पिंकी छाबड़ा को तीज क्वीन, रूपाली खन्ना को बेस्ट अटायर और मुस्कान भंडारी को बेस्ट स्माइल का पुरस्कार मिला। नीलम क्वात्रा ने प्रभावशाली एंकरिंग से कार्यक्रम को रोचक और सुचारू बनाए रखा। अंत में प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी गई।

## होमगार्ड मुलाजिमों ने लाडोवाल टोल प्लाजा पर लगाया धरना, चक्का जाम होने से लगा लंबा जाम

लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। वीरवार को होमगार्ड मुलाजिमों द्वारा अपना मांगों को लेकर लाडोवाल टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने चक्का जाम कर दिया गया। जिस कारण हाइवे के दोनों तरफ कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। यह प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहा। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि उनकी और से पंजाब पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी सेवाएं दी जा रही है। लेकिन सरकार की तरफ से लगातार उनकी अनदेखी की जा रही है। जवानों की मांग है कि उन्हें नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर पेंशन और रिटायरमेंट के बाद सामाजिक सुरक्षा दी जाए। धरने की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने और जाम खुलवाने का प्रयास किया गया। लेकिन वे प्रयास असफल रहे।



### वेतन बढ़ोतरी और नियमितीकरण

लंबे समय से लंबित वेतन दिक्कतों को दूर करने और सेवा को स्थायी करने की मांग उठाई जा रही है। धरने पर बैठे प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर ठोस फैसला नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन पूरे पंजाब में तेज किया जाएगा।

## केमिकल से भरा ट्रक हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आया, लगी आग, एक घंटे में पाया काबू



लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। मोती नगर में केमिकल से भरा एक ट्रक बिजली की तारों की चपेट में आ गया। जिस कारण ट्रक को आग लग गई। आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठने लगीं। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों द्वारा तुरंत इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई। जिसके बाद पीछे से बिजली सप्लाई बंद की गई। फायर विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। हालांकि ट्रक में लोड कीमती केमिकल नष्ट हो गया। लोगों ने बताया कि वीरवार दोपहर को केमिकल से भरा ट्रक इलाके से गुजर रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आ गया। तारों से निकली चिंगारी के कारण ट्रक में लदे केमिकल ने आग पकड़ ली और कुछ ही देर में लपटें तेज हो गईं। आग लगने से आसपास के घरों के बिजली मीटर भी जल गए। लोगों के मुताबिक, कुछ घरों में दरारें भी आई हैं। घटना के समय घरों में लोग मौजूद थे, जिन्हें पीछे के रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## सीवरेज का ढक्कन टूटने से बीच में धंसी जेसीबी, बाल बाल हुआ बचाव



लुधियाना/यूटर्न/20 अगस्त। लुधियाना की फिरोजगांधी मार्केट में अचानक सीवरेज का ढक्कन टूटने के कारण जेसीबी फंस गई। भारी वाहन होने के कारण जेसीबी का पहिया सीवरेज में धंस गया। लेकिन गनीमत रही कि सीवरेज होल नहीं टूटा, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि कई घंटे जेसीबी फंसी रही। फिर मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों का कहना है कि सीवरेज पर खस्ताहाल ढक्कन लगा रखा था। जिस कारण जैसे ही जेसीबी उसके ऊपर से गुजरी तो वे टूट गया। हैरानी की बात तो यह है कि प्रशासन द्वारा इस तरह ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। अगर वहीं जेसीबी की जगह कोई टू-व्हीलर चालक होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग द्वारा फिरोजगांधी मार्केट में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के एकदम साथ लगती गली में पोल लगाया जा रहा था। जिसके लिए जेसीबी मंगवाई गई थी। जैसे ही जेसीबी गली में घुसी तो थोड़ी आगे जाकर सीवरेज ढक्कन टूटने से बीच में ही फंस गई।

# राजपुरा में धार्मिक झांकियों के दौरान भगवान के स्वरूपों को नचाने की परंपरा के खिलाफ 'धर्म बचाओ मोर्चा' की अपील

सुशील कुमार सिंधी

राजपुरा/यूटर्न/20 अगस्त। शहर में 'धर्म बचाओ मोर्चा, राजपुरा' की ओर से समस्त शहरवासियों और मंदिर संस्थाओं के नाम एक महत्वपूर्ण अपील जारी की गई है। मोर्चा ने धार्मिक झांकियों में भगवान के स्वरूपों को नचाने की बढ़ती परंपरा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने की मांग की है।



प्रेस को जानकारी देते हुए मोर्चा के नेताओं विपुल बब्बर और सागर राणा ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान के स्वरूप हमारे लिए केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और पूजनीय भाव के प्रतीक हैं। इसी भावना के तहत ह्यझांकियां रोक आंदोलनह्न शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति, संस्था या धार्मिक आयोजन का विरोध करना नहीं है, बल्कि निवेदन केवल इतना है कि झांकियों में भगवान के स्वरूपों को नचाने की प्रथा पर गंभीरता से पुनर्विचार किया जाए। मोर्चा ने सवाल किया कि क्या हमारी आस्था इतनी कमजोर हो गई है कि भगवान के स्वरूपों को मनोरंजन के लिए नचाना पड़े? हम भगवान की पूजा करते हैं, उनके आगे शीश झुकाते हैं और आशीर्वाद मांगते हैं, इसलिए उनकी गरिमा और मर्यादा बनाए रखना हम सभी का प्रमुख धार्मिक कर्तव्य है।

इस अवसर पर शहरवासियों, मंदिर समितियों, धार्मिक संगठनों और समस्त सनातन प्रेमियों से अपील की गई है कि वे गणेश उत्सव, जन्माष्टमी सहित सभी धार्मिक आयोजनों में भगवान के स्वरूपों की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। मोर्चा ने दोहराया कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि अपने आराध्य की मर्यादा को कायम रखना है।

मोर्चा की ओर से अंत में यही संदेश दिया गया है— 'भगवान की पूजा करो, भगवान की मर्यादा रखो—भगवान को नचाने की परंपरा बंद करो।'

# चंडीगढ़ से यूपी ले जाई जा रही 50 पेटी शराब पकड़ी, टेंपो चालक गिरफ्तार

## जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर ट्रैफिक बूथ के पास पुलिस की कार्रवाई, इंपिरियल ब्लू की पेटियां बरामद

जीरकपुर/यूटर्न/20 अगस्त। जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर ट्रैफिक बूथ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ से उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही शराब की खेप पकड़ी है। पुलिस ने नीले रंग के एक टेंपो को रोककर तलाशी ली तो उसमें से करीब 50 पेटी इंपिरियल ब्लू शराब बरामद हुई। पुलिस ने टेंपो चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि चंडीगढ़ से शराब की खेप लेकर एक टेंपो उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर ट्रैफिक बूथ के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध टेंपो को रोका। तलाशी के दौरान उसमें रखी शराब की करीब 50 पेटियां बरामद हुई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान अतिंद्र सिंह निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी राजेश कुमार और रविंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि शराब चंडीगढ़ से खरीदकर उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही थी। पुलिस अब आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल करने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी शराब की खेप किसके कहने पर लेकर जा रहा था, वह किसी शराब ठेकेदार या अन्य व्यक्ति के लिए काम करता है या नहीं और उत्तर प्रदेश में शराब की सप्लाई किन स्थानों पर की जानी थी। पुलिस पूरे नेटवर्क और शराब के स्रोत को लेकर भी जांच कर रही है।

# भाजपा की मजबूती पर जोर, 2027 चुनावों को लेकर जगरांव में हुई बैठक

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/20/अगस्त। जगरांव के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक स्थानीय होटल फाइव रिवर में जिला प्रधान डॉ. राजिन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना था।





समारोह में मुख्य रूप से पहुंचे प्रदेश जनरल सचिव एवं जोनल प्रभारी परमिंदर सिंह बराड़, प्रदेश उपाध्यक्ष गेजा राम, जिला प्रभारी अनिल सच्चर, सह-प्रभारी रणजीत सिंह पंवार, मुल्लांपुर प्रभारी परमजीत सिंह कैंथ और रायकोट प्रभारी डी.पी. खोस्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

आगामी चुनावों को लेकर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार संगठन की एकजुटता और ताकत के कारण ही बनी है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को चुनौती देने का आधार भी मजबूत संगठन ही रहा है। नेताओं ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे केवल परिचय पत्र तक सीमित न रहें, बल्कि जनहित के मुद्दों को जोर-शोर से उठाएं। बैठक में जोर दिया गया कि जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर की सभी कमेटियों का गठन जल्द पूरा किया जाए तथा योग्य व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी जाए। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रधान कर्नल इंद्रपाल सिंह धालीवाल, कंवर नरेंद्र सिंह, गुरसिमरण सिंह रसूलपुर, सुरेख गर्ग, सुमित अरोड़ा, सतीश पप्पू, राजीव कुमार और डॉ. निर्मल भुल्लर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 21 अगस्त के पंजाब बंद को किसान यूनियन व अकाली दल वारिस पंजाब का समर्थन

डेराबस्सी/यूटर्न/20 अगस्त। बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर कौमी इंसाफ मोर्चे की ओर से 21 अगस्त को घोषित पंजाब बंद को डेराबस्सी क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन लखोवाल और अकाली दल वारिस पंजाब ने समर्थन देने की घोषणा की है। दोनों संगठनों के नेताओं ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से बंद में सहयोग करने की अपील की है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन लखोवाल की विशेष बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 21 अगस्त के पंजाब बंद, बंदी सिखों की रिहाई की मांग तथा बंद के दौरान संगठन की भूमिका को लेकर चर्चा की गई। मनप्रीत सिंह अमलाला ने कहा कि लंबे समय से जेलों में बंद सिख बंदियों की रिहाई का मामला गंभीर और संवेदनशील है। सरकार को मानवीय पहलू को ध्यान में रखते हुए कानून के अनुसार उचित कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन लोकहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाता रहा है और बंदी सिखों की रिहाई की मांग भी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जानी चाहिए।

### लोगों से बंद में सहयोग की अपील

उधर, डेराबस्सी हलके से अकाली दल वारिस पंजाब के नेता कुलदीप सिंह सीरसीनी ने भी कौमी इंसाफ मोर्चे के पंजाब बंद को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 21 अगस्त का बंद बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर किया जा रहा है और लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की गई है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर संगठनों के बीच तालमेल बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष हरि सिंह बहोड़ा, रणजीत सिंह राणा, जगतार सिंह झरमड़ी, गुरपाल सिंह, धर्म सिंह दप्पर और केहर सिंह चढ़ियाला सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# जगरांव में 'तीयां' पर्व की धूम: गिद्दे की थाप और लोकगीतों से जीवंत हुई पंजाबी विरासत

## सांस्कृतिक छटा और उल्लास: सामाजिक जागृति फ्रंट के रंगारंग समारोह में महिलाओं ने बांधा समां



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/20/अगस्त। पंजाबी संस्कृति और इसकी समृद्ध परंपराओं को सहेजने तथा उन्हें नई पीढ़ी तक ले जाने के उद्देश्य से जगराओं में 'तीयां' (सावन का पर्व) का एक भव्य एवं रंगारंग समारोह आयोजित किया गया। सामाजिक जागृति फ्रंट और मॉर्निंग फुटबॉल क्लब, जगराओं की इस संयुक्त व शानदार पहल का आयोजन स्थानीय सरकारी स्कूल में जगदीप सिंह गिल और जगदीश सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक महाकुंभ में इलाके की महिलाओं और युवतियों ने भारी संख्या में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान गिद्दे की मनमोहक प्रस्तुतियों और पारंपरिक लोकगीतों की गूंज ने न सिर्फ समां बांधा, बल्कि इस आयोजन को हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव बना दिया।

### युवा पीढ़ी को जड़ों से जोड़ने की सराहनीय पहल

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे इंस्पेक्टर प्रेम सिंह भंगू ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने आयोजकों के इस बेहतरीन प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को उनकी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक त्योहारों से जोड़े रखने में संजीवनी का काम करते हैं। उन्होंने दोनों संस्थाओं द्वारा समाज सेवा और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को बेहद प्रेरणादायक बताया।

### प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया उत्साह

इस उत्सव के दौरान महिलाओं और युवतियों के लिए कई दिलचस्प प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। उपस्थित महिलाओं के उत्साह और लोकगीतों पर झूमते उनके कदमों ने 'तीयां' के इस पर्व में चार चांद लगा दिए।

# मंडल चिकित्सालय फिरोजपुर में अत्याधुनिक ट्राई-सेल पीआरपी थेरेपी शुरू

## रेल कर्मचारियों व परिजनों को मिलेगी आधुनिक और प्रभावी चिकित्सा सुविधा

आर. के. उप्पल

अमृतसर /यू टर्न /20 अगस्त! मंडल रेलवे चिकित्सालय, फिरोजपुर में मरीजों को बेहतर एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अत्याधुनिक डबल स्पिन ट्राई-सेल पीआरपी (प्लेटलेट रिच प्लाज्मा) थेरेपी शुरू की गई है। अस्पताल इस उन्नत तकनीक को अपनाने वाले अग्रणी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल है।





### प्लेटलेट्स की सांद्रता 6 से 7 गुना तक

अस्पताल में पहले डबल चैंबर तकनीक से पीआरपी थेरेपी दी जाती थी, जिससे प्लेटलेट्स की सांद्रता सामान्य स्तर से करीब दो गुना तक प्राप्त होती थी। इस तकनीक से अब तक लगभग 50 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। नई ट्रिपल चैंबर तकनीक से प्लेटलेट्स की सांद्रता 6 से 7 गुना तथा विभिन्न ग्रोथ फैक्टर्स की सांद्रता 14 गुना तक प्राप्त की जा सकती है।

### तेज और बेहतर रिकवरी की उम्मीद

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना सहगल ने बताया कि उपलब्ध चिकित्सा साहित्य के अनुसार नई तकनीक से मरीजों की स्थिति में पूर्व तकनीक की तुलना में लगभग 2 से 3 गुना तेजी से सुधार होने की संभावना है। इससे उपचार का प्रभाव अधिक समय तक बने रहने के साथ मरीजों को बेहतर आराम मिल सकेगा। फिरोजपुर मंडल द्वारा आधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपनाकर रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी हैं।

# गुरु नगरी की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था होगी प्राथमिकता

## जसकरनजीत सिंह तेजा PPS ने संभाला ऊढ अमृतसर का पदभार

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न /20 अगस्त! जसकरनजीत सिंह तेजा ढढर ने आज डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (DCP), पुलिस कमिश्नरेट अमृतसर के पद का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वे ऊढ रूरल लुधियाना के पद पर सेवाएं निभा रहे थे। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर शहर की कानून-व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था संबंधी जानकारी ली।

**ईमानदारी और सेवा भावना से निभाएंगे जिम्मेदारी...** DCP जसकरनजीत सिंह तेजा ने कहा कि गुरु नगरी श्री अमृतसर में सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तनदेही, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ निभाएंगे। शहर में कानून-व्यवस्था



को और मजबूत करना तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

**पुलिस-जनता के बीच विश्वास मजबूत करने पर जोर...** उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल एवं विश्वास कायम करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। लोगों की शिकायतों का त्वरित निपटारा और अपराधों की रोकथाम पर भी विशेष ध्यान रहेगा।

**श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष फोकस...** उन्होंने कहा कि अमृतसर में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में शहर में सुरक्षित एवं सुचारू माहौल बनाए रखना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ अपराध नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। DCP ने अमृतसरवासियों से शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# मकबूलपुरा में नशा तस्कर की संपत्ति पर बड़ी कार्रवाई

## युद्ध नशों के विरुद्ध अभियान के तहत 26वीं डोमिनेशन मुहिम; आरोपी के खिलाफ 10 मामले दर्ज

अमृतसर/ यू टर्न /20 अगस्त! नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के तहत कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने 26वीं डोमिनेशन मुहिम के दौरान मकबूलपुरा क्षेत्र में नशा तस्करी से जुड़े एक व्यक्ति की संपत्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। नगर निगम अमृतसर द्वारा संबंधित संपत्ति पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई, जबकि कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखी।

### आरोपी पर 10 आपराधिक मामले दर्ज

आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश, पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी मकान नंबर 3081/15, गली नंबर 13, मकबूलपुरा, अमृतसर से संबंधित संपत्ति पर की गई। 26 वर्षीय आकाशदीप के खिलाफ NDPS एक्ट, हत्या और चोरी सहित कुल 10 मामले दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2021 से 2026 तक नशा तस्करी से जुड़े कई मामले शामिल हैं।

**नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति...** कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार 1 जनवरी से 19 अगस्त 2026 तक NDPS एक्ट के तहत 1,275 मामले दर्ज कर 2,109 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 130.549 किलोग्राम हेरोइन, 11.438 किलोग्राम मेथामफेटामाइन (ICE), 75,48,380 ड्रग मनी तथा 41 वाहन बरामद/जब्त किए गए। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ भी नियमों के अनुसार कार्रवाई लगातार की जाएगी।

# बंदी सिखों की रिहाई मानवता और कानून का विषय, राजनीतिक दबाव का नहीं

अमृतसर/ यू टर्न /20 अगस्त! पंजाब भाजपा प्रवक्ता एवं सिख चिंतक प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने कहा कि बंदी सिखों की समयपूर्व रिहाई के पक्ष में हैं, लेकिन इसके लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2019 में संबंधित राज्यों को संवैधानिक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देकर गंभीर पहल की थी। इसके तहत छह बंदी सिख रिहा किए जा चुके हैं, जबकि दो मामलों पर विचार जारी है।



### शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकार

21 अगस्त के पंजाब बंद के आह्वान पर ख्याला ने कहा कि मांगें शांतिपूर्ण ढंग से उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन आंदोलन से आम लोगों की रोजी-रोटी, कारोबार और सामाजिक शांति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जगतार सिंह हवारा की हिंसा से दूर रहने और कानून हाथ में न लेने की अपील का स्वागत किया।

### रिहाई का फैसला कानून के आधार पर हो

उन्होंने कहा कि बंदी सिखों की रिहाई सड़कों के दबाव या राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि संविधान, सजा की अवधि, कैदी के आचरण और निर्धारित कानूनी मानकों के आधार पर होनी चाहिए। इस मुद्दे को चुनावी राजनीति का हथियार बनाने से बचना चाहिए।

### हवारा की पैरोल पर सरकार से सवाल

ख्याला ने कहा कि यदि कानून और सुरक्षा मानदंड पैरोल की अनुमति देते हैं, तो मानवीय दृष्टिकोण से भी विचार होना चाहिए। उन्होंने पंजाब सरकार के पहले पैरोल का विरोध करने और बाद में रुख बदलने पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक अवसरवाद बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान, कानून के शासन और मानवीय न्याय में विश्वास रखती है तथा संवेदनशील सिख मुद्दों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।


# मकबूलपुरा में नशा तस्कर की संपत्ति पर बड़ी कार्रवाई







अमृतसर/ यू टर्न /20 अगस्त! नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के तहत कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने 26वीं डोमिनेशन मुहिम के दौरान मकबूलपुरा क्षेत्र में नशा तस्करी से जुड़े एक व्यक्ति की संपत्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। नगर निगम अमृतसर द्वारा संबंधित संपत्ति पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई, जबकि कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखी।

### आरोपी पर 10 आपराधिक मामले दर्ज

आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश, पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी मकान नंबर 3081/15, गली नंबर 13, मकबूलपुरा, अमृतसर से संबंधित संपत्ति पर की गई। 26 वर्षीय आकाशदीप के खिलाफ NDPS एक्ट, हत्या और चोरी सहित कुल 10 मामले दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2021 से 2026 तक नशा तस्करी से जुड़े कई मामले शामिल हैं।

### नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति

कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार 1 जनवरी से 19 अगस्त 2026 तक NDPS एक्ट के तहत 1,275 मामले दर्ज कर 2,109 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 130.549 किलोग्राम हेरोइन, 11.438 किलोग्राम मेथामफेटामाइन (ICE), 75,48,380 ड्रग मनी तथा 41 वाहन बरामद/जब्त किए गए। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ भी नियमों के अनुसार कार्रवाई लगातार की जाएगी।

# 5 महीने में 302 भगोड़ों पर कार्रवाई, 200 गिरफ्तार

## 80 भगोड़ों की मौत, 22 मामलों में सजा-बरी या केस रद्द होने पर पीओ सूची से नाम हटाए

मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। मोहाली पुलिस ने भगोड़े अपराधियों (पीओ) के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले 15 महीनों के दौरान कुल 302 भगोड़ों के मामलों का निपटारा किया है। इनमें 200 भगोड़ों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 80 भगोड़ों की मौत की पुष्टि होने और 22 मामलों में सजा, बरी व मुकदमा रद्द होने के कारण उनके नाम पीओ सूची से हटा दिए गए।

एसपी इन्वेस्टिगेशन सौरव जिंदल ने बताया कि एसएसपी हरमंदीप सिंह हंस के निर्देश पर भगोड़े अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष पीओ स्टाफ का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें कानून के कटघरे में लाना है। इसी अभियान के तहत 1 जून 2025 से 20 अगस्त 2026 तक थाना पुलिस और पीओ स्टाफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में पुलिस ने कुल 302 भगोड़ों को गिरफ्तार करने या


एसपी सौरव जिंदल जानकारी देते हुए

उनकी स्थिति की पुष्टि करने के बाद पीओ सूची से बाहर किया। इनमें सबसे अधिक 200 मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, जांच और रिकॉर्ड की तस्दीक के दौरान 80 भगोड़ों की मौत होने की पुष्टि हुई। इसके अलावा 22 मामलों में संबंधित मुकदमों में आरोपियों को सजा या बरी किए जाने अथवा केस क्वैश होने के कारण उन्हें पीओ सूची से हटा दिया गया।

### संगीन अपराध और चेक बाउंस के आरोपी भी शामिल

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए 200 भगोड़ों में 8 आरोपी संगीन अपराधों से जुड़े हुए थे, जबकि 13 आरोपी चेक बाउंस के मामलों में वांछित थे। पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की है। एसपी इन्वेस्टिगेशन ने कहा कि भगोड़े अपराधियों के खिलाफ अभियान को लगातार तेज किया जा रहा है। थाना स्तर पर पुलिस अधिकारियों को पुराने मामलों में अदालत द्वारा घोषित पीओ आरोपियों की जानकारी जुटाने और उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों की ओर से पीओ आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ-साथ उनकी मौजूदा स्थिति की भी जांच की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लंबित मामलों का निपटारा करना है। भगोड़ों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

# मालवा में नशे का कहर: एक सप्ताह में 7 मौतों से बढ़ी चिंता

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अगस्त। पंजाब के मालवा इलाके में एक ही हफ़्ते में ड्रग्स से जुड़ी सात संदिग्ध मौतों ने एक मुश्किल सवाल खड़ा कर दिया है: क्या ड्रग्स के खिलाफ राज्य की बहुत ज्यादा चर्चा वाली लड़ाई असल में जमीनी स्तर पर असर दिखा रही है?

बठिंडा, मानसा, फाज़िल्का और फि रोजपुर में हुई इन मौतों ने एक बार फिर इस इलाके में नशीले पदार्थों की मजबूत पकड़ को उजागर किया है। इन आँकड़ों के पीछे युवा जानें खत्म हो गई हैं और परिवार उस लत के संकट के नतीजों से जूझ रहे हैं जिसका पंजाब बरसों से सामना कर रहा है। सरकार ने 'युद्ध नशे के विरुद्ध' को एक बड़ा अभियान बनाया है, जिसमें पुलिसिंग के साथ-साथ नशा-मुक्ति और जागरूकता के प्रयास भी शामिल हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ड्रग्स के नेटवर्क के



खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। लेकिन एक हफ़्ते में सात मौतें यह बताती हैं कि सिर्फ़ जब्ती और गिरफ़्तारियाँ ही सफलता का पैमाना नहीं हो सकतीं। असली परीक्षा कहीं और है — क्या ड्रग्स मिलना मुश्किल हो रहा है, क्या कमजोर युवा वर्ग को लत के चक्र में फँसने से रोका जा रहा है और सबसे अहम बात, क्या इलाज कराने वाले लोग घर लौटने के बाद ड्रग-फ़्री रह पाते हैं?

यहीं पर पंजाब के नजरिए को पारंपरिक कानून-व्यवस्था वाले तरीके से आगे बढ़ने की जरूरत है। लत सिर्फ़ एक आपराधिक समस्या नहीं है; यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक संकट भी है। रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) नशा-मुक्ति केंद्र के दरवाजे पर ही खत्म नहीं हो सकता। परिवारों और समुदायों को लगातार समर्थन की जरूरत है ताकि लत के दोबारा शिकार होने से रोका जा सके और उन लोगों की पहचान की जा सके जो फिर से लत की ओर बढ़ रहे हैं। इसलिए, मालवा में हुई ये ताजा मौतें पंजाब के ड्रग्स से जुड़े आँकड़ों में महज एक और दुखद बढ़ोतरी से कहीं ज्यादा हैं। ये एक चेतावनी हैं कि राज्य के अभियान को नारों की तेजी से नहीं, बल्कि बचाई गई ज़िंदगियों की संख्या से आँका जाना चाहिए।

# कॉलेज छात्र पर हमले का उउळश आया सामने, हथियारों से वार करते दिखे युवक

डेराबस्सी/यूटर्न/20 अगस्त। ईसापुर रोड पर रेलवे फाटक के पास सरकारी कॉलेज डेराबस्सी के 20 वर्षीय छात्र पर हुए कथित कातिलाना हमले की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। फुटेज में कुछ युवक छात्र की कार को घेरकर हथियारों से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि उसकी कार को भी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस अब सामने आई सीसीटीवी फुटेज को भी जांच में शामिल कर हमलावरों की पहचान और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है।

घायल छात्र की पहचान गांव



परागपुर निवासी तर्नप्रीत सिंह पुत्र भूपिंदर सिंह के रूप में हुई है। वह सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में आर्ट्स द्वितीय वर्ष का छात्र है। जानकारी के अनुसार तर्नप्रीत अपनी कार में कॉलेज से घर लौट रहा था। ईसापुर रोड स्थित रेलवे फाटक के पास पहुंचने पर अस्थायी नंबर वाली थार में आए कुछ युवकों ने कथित तौर पर उसे घेर लिया। तर्नप्रीत ने आरोप लगाया है कि उसी के कॉलेज से संबंधित कुरली और गुरी नामक दो युवक कुछ अन्य लड़कों के साथ आए थे। आरोप है कि युवकों ने डंडों और तेजधार हथियारों से उस पर हमला किया। हमले के दौरान उसकी कार पर भी कई वार किए गए।

**CCTV से हमले की कड़ियां जोड़ने में जुटी पुलिस...**घटना के बाद राहगीरों ने घायल तर्नप्रीत को डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया। अब घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस हमलावरों की पहचान करने के साथ वारदात में इस्तेमाल वाहन और अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

# ट्रेन के आगे कूदकर महिला ने दी जान


रेलवे ट्रैक

मोहाली/यूटर्न/20 अगस्त। गांव कुंभड़ा की रहने वाली करीब 39 वर्षीय महिला ने बुधवार रात रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पुनीत कौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले काफी समय से पारिवारिक कारणों को लेकर परेशान चल रही थी। जानकारी अनुसार पुनीत कौर मूल रूप से रोपड़ के नजदीक स्थित गांव खियासपुरा की रहने वाली थी। उसका विवाह गांव कुंभड़ा में हुआ था और वह अपने परिवार के साथ यहीं रह रही थी। बुधवार रात वह रेलवे ट्रैक पर पहुंची और कथित तौर पर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की ओर से घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जांच अधिकारी केवल सिंह ने बताया की प्राथमिक जानकारी के अनुसार महिला पिछले कुछ समय से पारिवारिक परिस्थितियों के चलते मानसिक तनाव में थी। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। रेलवे पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिलाओं के हक की आवाज बनीं ऋचा पाहवा, सशक्तिकरण को लेकर दिया बड़ा संदेश



अमरिंदर सिंह

बराड़ा/यूटर्न/20 अगस्त। महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ऋचा पाहवा महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रही हैं। उनका मानना है कि आज की महिला केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और देश की दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।ऋचा पाहवा ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना समय की जरूरत है। शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से ही वास्तविक रूप से सशक्त समाज का निर्माण संभव है।उन्होंने कहा कि महिला शक्ति को केवल चुनावी समय पर याद करने के बजाय, उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबर की भागीदारी मिलनी चाहिए। गांव से लेकर शहर और संगठन से लेकर सरकार तक महिलाओं की आवाज को मजबूती मिलना जरूरी है। प्रदेशाध्यक्ष ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों को पहचानें, आत्मनिर्भर बनें और समाज में अपनी भूमिका को और अधिक मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं जागरूक और संगठित होती हैं तो वे केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देने की ताकत रखती हैं।

यूटर्न टाइम

# ईडी रेफरेंस पर 13 दिन बाद भी FIR नहीं, सांपला ने उठाए सवाल; CBI जांच की मांग

दलजीत अजनोहा

होशियारपुर/यूटर्न/20 अगस्त। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा पंजाब के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय सांपला ने ईडी द्वारा पंजाब के डीजीपी को भेजे गए रेफरेंस पर 13 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज न होने को लेकर सवाल उठाते हुए मामले की स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग की है।



चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सांपला ने कहा कि ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) के तहत जांच के दौरान मिली सामग्री पंजाब पुलिस को भेजी है, जिसमें कथित संज्ञेय अपराधों के संकेत बताए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सामग्री में आपराधिक साजिश, भ्रष्टाचार, गोपनीय सरकारी सूचनाओं के लीक, तबादलों-नियुक्तियों में हस्तक्षेप, टेंडरों और सरकारी नीतियों में कथित हेरफेर तथा आर्थिक लाभ से जुड़े मुद्दों का उल्लेख है।

सांपला ने कहा कि ईडी की सामग्री में मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े एक ओएसडी और नितिन गोहल के कथित समन्वय का जिक्र होने से निष्पक्ष जांच जरूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो उन्हें स्वयं सीबीआई जांच की मांग करनी चाहिए। सांपला ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने, डिजिटल एवं वित्तीय साक्ष्य सुरक्षित रखने और सभी संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की समयबद्ध जांच कराने की मांग की।

## इस्लामाबाद इ ब्लॉक में गोलीबारी: बच्चों के झगड़े में प्रिंस उर्फ अमित घायल, थाना गेट हकीमा पुलिस ने दर्ज किया मामला

आर. के. उप्पल

अमृतसर /यू टर्न /20 अगस्त! इस्लामाबाद क्षेत्र के इ ब्लॉक में कल रात बच्चों के झगड़े के बाद हुई फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान प्रिंस उर्फ अमित के रूप में हुई है, जिसे जांच में गोली लगी। घटना की सूचना मिलते ही ए सी पी सेंट्रल सुरिंदर सिंह, इंस्पेक्टर थाना गेट हकीमा पुलिस पार्टी सहित मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया! ए सी पी सेंट्रल सुरिंदर सिंह ने बताया कि घायल के बयानों पर गौशा, रीतीश व 3 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाना गेट हकीमा में मामला दर्ज करके आरोपियों कि धड़पकड़ के लिए छापामारी शुरू कर दी गई है!



जानकारी देते ए सी पी सुरिंदर सिंह

# शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल कर रहा रयात बाहडा ग्रुप- गुरविंदर सिंह बाहरा

दलजीत अजनोहा

होशियारपुर/यूटर्न/20 अगस्त। रयात बाहरा ग्रुप के चेयरमैन/चांसलर गुरविंदर सिंह बाहडा की ओर से वरिष्ठ संवाददाता दलजीत अजनोहा के साथ विशेष बातचीत की। जिस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे सफर, संस्थानों की स्थापना तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।गुरविंदर सिंह बाहडा



ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2000 के आसपास शिक्षा के क्षेत्र में अपनी यात्रा शुरू की और सबसे पहला कैंपस रोपड में स्थापित किया। इसके बाद खरड़ और मोहाली सहित विभिन्न स्थानों पर कैंपस खोले गए। बाद में खरड़-मोहाली में रयात बाहडा यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई।उन्होंने कहा कि उनका संबंध होशियारपुर जिले से है और उनके मन में लंबे समय से इस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ विशेष करने की इच्छा थी। इसी सोच के तहत वर्ष 2008 में होशियारपुर में रयात बाहडा कैंपस की शुरूआत की गई।उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उस समय शिक्षा का पारंपरिक स्वरूप तेजी से बदल रहा था तथा तकनीकी और प्रोफेशनल शिक्षा की मांग बढ़ रही थी। होशियारपुर क्षेत्र में विशेष रूप से यह आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि लड़कियों के लिए ऐसा सुरक्षित और बेहतर संस्थान हो, जहां वे इंजीनियरिंग तथा अन्य प्रोफेशनल कोर्स कर सकें।इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रयात बाहडा

ग्रुप की ओर से लड़कियों के लिए विशेष इंजीनियरिंग कॉलेज शुरू किया गया, जिसे बड़ी सफलता मिली। उन्होंने कहा कि इस सफलता से संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिला।

# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सीडब्ल्यूजी-2026 की रजत पदक विजेता हरजिंदर कौर को किया सम्मानित

सुशील कुमार सिंधी

पटियाला/यूटर्न/20 अगस्त। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी)-2026 की रजत पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलक हरजिंदर कौर को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।



हरजिंदर कौर को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी सफलता ने पंजाब के साथ-साथ पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने हरजिंदर कौर के समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की सराहना की, जिनकी बदौलत उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उल्लेखनीय है कि हरजिंदर कौर ने इससे पहले बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल-2022 में कांस्य पदक जीता था। अब सीडब्ल्यूजी-2026 में रजत पदक जीतकर उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, निरंतरता और कड़ी मेहनत का परिचय दिया है।

श्री कटारिया ने कहा कि हरजिंदर कौर जैसे खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और विशेष रूप से लड़कियों को खेलों में आगे बढ़ने तथा उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पंजाब और भारत के लिए और भी अनेक पदक जीतेंगी। हरजिंदर कौर ने सम्मान और प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

## खूबसूरती और फिटनेस का शानदार कॉम्बिनेशन हैं मृणाल ठाकुर



*मृणाल ठाकुर अपनी नेचुरल ब्यूटी और ग्लैमरस अंदाज के लिए खास पहचान रखती हैं। उनका फिट और कॉन्फिडेंट लुक अक्सर फैन्स का ध्यान खींचता है। सादगी हो या स्टाइलिश अवतार, मृणाल हर लुक को बेहद खूबसूरती से कैरी करती हैं। उनकी फिटनेस और ग्रेस उनकी पर्सनैलिटी को और आकर्षक बनाती है। सोशल मीडिया पर उनके फैशन और फिटनेस लुक्स को फैन्स खूब पसंद करते हैं। खूबसूरती, आत्मविश्वास और स्टाइल का मेल मृणाल को सबसे अलग बनाता है।*

# विमल इलायची की आड़ में पान मसाला? तुकाराम मुंडे ने शाहरुख-अजय को थमाया 'नोटिस का पान'



चंडीगढ़/यूटर्न/20 अगस्त। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) के कमिश्नर तुकाराम मुंडे ने बॉलीवुड स्टार्स शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को 'शो-कॉज नोटिस' (कारण बताओ नोटिस) जारी किया है। यह नोटिस विमल इलायची के विज्ञापन में उनके शामिल होने को लेकर है; रेगुलेटर को शक है कि यह विज्ञापन असल में पान मसाला का 'सरोगेट प्रमोशन' (अप्रत्यक्ष प्रचार) है। तीनों एक्टर्स को इस कैंपेन में अपनी भागीदारी के बारे में बताने और अपने एंडोर्समेंट एग्रीमेंट से जुड़े डॉक्यूमेंट्स जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। FDA ने उन्हें विज्ञापन में हिस्सा लेना बंद करने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व अन्य डिजिटल चैनलों से इससे जुड़े प्रमोशनल मटीरियल को हटाने का भी निर्देश दिया है।

यह विवाद 'विमल' ब्रांड के नाम को लेकर है। FDA ने सवाल उठाया है कि क्या विज्ञापित की जा रही इलायची सचमुच एक स्वतंत्र प्रोडक्ट है, या फिर यह कैंपेन महाराष्ट्र में प्रतिबंधित 'विमल पान मसाला' की विजिबिलिटी बनाए रखने के लिए एक कानूनी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रहा है। रेगुलेटर के अनुसार, ब्रांडिंग और प्रेजेंटेशन से प्रतिबंधित प्रोडक्ट के साथ सीधा संबंध बन सकता है। नोटिस में 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006' के प्रावधानों का हवाला दिया गया है, जिसमें भ्रामक खाद्य विज्ञापनों से जुड़े नियम भी शामिल हैं। FDA ने विज्ञापन एजेंसी, ब्रांड के मालिक, कैंपेन की व्यवस्था और प्रोडक्ट को एंडोर्स करने से पहले एक्टर्स द्वारा की गई जांच-पड़ताल (ड्यू डिलिजेंस) का विवरण भी मांगा है।

इस कार्रवाई ने विज्ञापन में सेलिब्रिटी की जिम्मेदारी पर चल रही बड़ी बहस को फिर से हवा दे दी है। जहां एक्टर्स ने प्रोडक्ट को इलायची के तौर पर प्रमोट किया है, वहीं रेगुलेटर सवाल उठा रहे हैं कि क्या ऐसे 'ब्रांड-एक्सटेंशन' कैंपेन कंपनियों को प्रतिबंधित प्रोडक्ट्स से जुड़े होने के बावजूद कानूनी प्रोडक्ट कैटेगरी के जरिए ब्रांड की विजिबिलिटी बनाए रखने की सुविधा देते हैं। मुंडे ने संकेत दिया है कि यह कार्रवाई सिर्फ सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट तक सीमित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी है कि FDA की जांच का दायरा भ्रामक विज्ञापनों और नियमों के उल्लंघन के मामलों तक बढ़ेगा; उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित प्रोडक्ट्स की बिक्री, कब्जे, प्रोसेसिंग या निर्माण में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

अगर एक्टर्स तय समय के भीतर जवाब नहीं देते हैं या उनके स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाते हैं, तो FDA ने चेतावनी दी है कि आगे कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए, यह मामला न केवल बॉलीवुड के तीन बड़े चेहरों को, बल्कि इलायची जैसे आम दिखने वाले प्रोडक्ट्स के जरिए पान-मसाला ब्रांड बेचने के बहु-प्रचलित बिजनेस मॉडल को भी रेगुलेटरी जांच के दायरे में लाता है।

# चार लाख केसों के बोझ तले दबी अदालत के लिए नौ जज

केंद्र सरकार का पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में नौ वकीलों को एडिशनल जज के तौर पर नियुक्त करने का नोटिफिकेशन स्वागत योग्य है, लेकिन इसे उस समस्या का समाधान नहीं समझना चाहिए जो बरसों से चली आ रही है। ये नियुक्तियां ऐसे समय में हो रही हैं जब हाई कोर्ट में 85 जजों की मंजूर संख्या के मुकाबले सिर्फ.55 जज काम कर रहे हैं, जबकि 4.23 लाख से ज्यादा केस पेंडिंग हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

नौ नए जज — मोनिका छिब्बर शर्मा, हरमीत सिंह देओल, प्रविंद्र सिंह चौहान, राजेश गौर, पूजा चोपड़ा, सुनीश बिंदलिश, मिंदरजीत यादव, दिव्या शर्मा और रविंद्र मलिक — न्यायिक क्षमता को बहुत जरूरी बढ़ावा देंगे। हरियाणा के एडवोकेट-जनरल प्रविंद्र सिंह चौहान भी उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें प्रमोट किया गया है। ये नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 4 मई की सिफारिश के बाद हुई हैं, जिसमें 10 वकीलों का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन आंकड़ों का गणित अभी भी मुश्किल बना हुआ है। इन नियुक्तियों के बाद भी, कोर्ट में जजों की संख्या मंजूर संख्या से कम ही रहेगी। और पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से जुड़े भारी-भरकम केसों के बोझ वाली अदालत में खाली पद सिर्फ.एक प्रशासनिक असुविधा नहीं हैं।

मुकदमा लड़ने वालों के लिए, जज का पद खाली होने का मतलब है एक और तारीख, सुनवाई की एक और तारीख और कई मामलों में, पहले से ही लंबी कानूनी लड़ाई में एक और साल का जुड़ जाना। भारत में 'देर से मिला न्याय, न्याय न मिलने के बराबर है' (Justice delayed is justice denied) एक आम कहावत है, लेकिन चार लाख से ज्यादा पेंडिंग मामलों वाली अदालत में, यह सिस्टम के बारे में चेतावनी के बजाय सिस्टम की असलियत बन जाने का खतरा है। इसलिए केंद्र का फैसला सिर्फ.इसलिए अहम नहीं है कि नौ वकील जज बन रहे हैं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि यह एक बड़े सवाल की ओर इशारा करता है: न्यायिक क्षमता को जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के बजाय सिर्फ.खाली पद भरने की कवायद क्यों माना जाता है? पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में हाल के सालों में कई बार नियुक्तियां हुई हैं। फिर भी खाली पद बार-बार सामने आते रहते हैं, जबकि पेंडिंग केसों की संख्या बहुत ज्यादा बनी हुई है। कोर्ट को हाल ही में बढ़ते पेंडिंग केसों और जजों की कमी से निपटने के लिए रिटायर हो चुके जजों को एड-हॉक आधार पर इस्तेमाल करने पर बहस का भी सामना करना पड़ा है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट बार ने उस प्रस्ताव का विरोध किया था और इसके बजाय नई नियुक्तियों की मांग की थी। बेशक, जजों की कोई ऐसी जादुई संख्या नहीं है जो अचानक सारे पेंडिंग केसों को निपटा दे। नियुक्तियों के साथ-साथ बेहतर कोर्ट मैनेजमेंट, जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्याप्त सपोर्ट स्टाफ, डिजिटाइजेशन और बेवजह की तारीखों को कम करने की गंभीर कोशिश भी होनी चाहिए। लेकिन जहाँ जजों की जरूरत है, वहाँ इनमें से कोई भी चीज जजों की जगह नहीं ले सकती।

इसलिए, हाल की नियुक्तियों को एक शुरूआत के तौर पर देखा जाना चाहिए, न कि ऐसी उपलब्धि के तौर पर जिसे सरकार के नियुक्ति आँकड़ों में दर्ज करके रख दिया जाए। जिस हाई कोर्ट में 85 मंजूर पद हों, उससे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह काफी कम जजों के साथ तीन अधिकार-क्षेत्रों (jurisdictions) में कुशलतापूर्वक काम कर पाएगा। न्यायपालिका खुद केस पैदा नहीं करती। उसे ये केस ऐसे समाज से मिलते हैं जो विवादों को सुलझाने के लिए तेजी से अदालतों पर निर्भर होता जा रहा है। अगर सरकार चाहती है कि जल्द न्याय मिलना सिर्फ.एक संवैधानिक इच्छा बनकर न रह जाए, तो उसे यह पक्का करना होगा कि अदालतों के पास न्याय देने के लिए जरूरी लोग और इंफ्रास्ट्रक्चर हों।

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, 75 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर घायल

जीरकपुर/यूटर्न/20 अगस्त। पीआर-7 रोड पर पहलवान ढाबे के पास एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार करीब 75 वर्षीय गुरचरण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद फॉर्च्यूनर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में हरप्रीत सिंह निवासी देवी नगर अब्रामा, थाना बनूर, जिला पटियाला ने बताया कि वह अपने जीजा गुरचरण सिंह के साथ घरेलू काम के सिलसिले में 200 फीट रोड पर पहलवान ढाबे की ओर जा रहे थे। गुरचरण सिंह मोटरसाइकिल पर आगे चल रहे थे, जबकि वह उनके पीछे अपने वाहन पर आ रहे थे।

हरप्रीत के अनुसार इसी दौरान पीछे से आई सफेद रंग की फॉर्च्यूनर ने तेज रफ्तार में उन्हें ओवरटेक किया और आगे चल रही गुरचरण सिंह की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गुरचरण सिंह मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिर गए। उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## राहगीर की मदद से अस्पताल पहुंचाया

हरप्रीत सिंह ने बताया कि हादसे के बाद फॉर्च्यूनर चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन उन्होंने वाहन का नंबर नोट कर लिया था। राहगीर की मदद से घायल गुरचरण सिंह को जीरकपुर के मेहर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ ले जाया गया। सिर में चोट लगने के कारण गुरचरण सिंह की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। जीएमसीएच से छुट्टी मिलने के बाद परिजन उन्हें घर ले गए, लेकिन हालत बिगड़ने पर 17 अगस्त को राजपुरा के समिरता नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# होटल के बाहर सड़क पर बैरिकेड लगाकर पार्किंग बनाने के आरोप, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल



जीरकपुर/यूटर्न/20 अगस्त। शहर में सड़क और सार्वजनिक रास्तों पर कथित कब्जों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर रमाडा एनकोर बाय विंधम के पास वेलवेट क्लार्क्स की ओर जाने वाली सड़क पर होटल प्रबंधन द्वारा कथित तौर पर बैरिकेड लगाकर दोपहिया वाहनों की पार्किंग बनाए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के एक हिस्से पर बैरिकेड लगाए जाने से आम वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सवाल उठाया है कि सार्वजनिक आवाजाही के लिए इस्तेमाल होने वाली सड़क पर बैरिकेड लगाकर पार्किंग बनाने की अनुमति किस विभाग या अधिकारी की ओर से दी गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जीरकपुर में छोटे दुकानदारों और कारोबारियों द्वारा सड़क पर सामान रखने या रास्ता घेरने पर नगर परिषद की ओर से कार्रवाई की जाती है, लेकिन बड़े होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मामलों में कार्रवाई को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं। लोगों का आरोप है कि इसी वजह से इस मामले में भी प्रशासन की निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372